पंजाब केसरी 23/05/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में हुई लैंग्वेज लैब सॉफ्टवेयर कार्यशाला



जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित लैंग्वेज लैब सॉफ्टवेयर कार्यशाला में भाग लेते प्राध्यापक।

अम्बाला, 22 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा सोमवार को हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत एवं पंजाबी प्राध्यापकों के लिए लैंग्वेज लैब सॉफ्टवेयर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने वर्तमान संदर्भ में उ%च शिक्षा में भाषा प्रयोगशाला की प्रासंगिकता को प्रभावी तरीके से सीखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यशाला में आरेल टॉक ट्रेनर ने लैंग्वेज लैब सॉफ्टवेयर के अंतर्गत विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व को बढ़ाने के लिए व्यक्तित्व विकास, समूह चर्चा, साक्षात्कार कौशल और कई अन्य सॉफ्ट स्किल्स को भी शामिल किया। इनके उपयोग से विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ-साथ सार्वजनिक रूप से बोलने के डर को दूर कर सकते हैं। शिक्षण विधियों में प्रयुक्त यह एक दृश्य-श्रव्य इंटरैक्टिव पाठ्यक्रम है, जो सभी भाषाओं को सिखाने और सीखने की पारंपरिक प्रणाली से बहुत अलग अनुभव प्रदान करता है।

कार्यक्रम की संयोज़िका डा. उपेंद्र कौर ने प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के लिए इस सॉफ्टवेयर को ई-लर्निंग माहौल का बेहतरीन विकल्प बताया। यह छात्र-छात्राओं को सुनने, बोलने, पढ़ने और लिखने जैसे मुख्य भाषा कौशल हासिल करने में मदद कर सकता है। प्रयोगशाला के प्रभावी उपयोग से उनकी सक्रिय शब्दावली बढ़ेगी और भाषा बोलने में उनकी दक्षता में सुधार होगा।